II Jai Sri Gurudev II
Sri Adichunchanagiri Shikshana Trust (R.)

# BGS Vijnatham School

**UNIT TEST – II (2025-26)**

**मॉक टेस्ट पेपर**

**विषय : हिंदी** **कक्षा** : **4** **कुल अंक** : 40 **अंक**

**छात्र का नाम** : ____________________ **अवधि** : **1 घंटे 15 मिनट**

**दिनांक** : **- - /11/25**

**सामान्य निर्देश** -

- प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- प्रश्नपत्र **खंड क, ख, ग, घ** में विभाजित है।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**खंड क (अपठित गद्यांश )** **( 8 अंक)**

**प्रश्न 1. अपठित गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

एक बार, एक साँप एक झील के सभी मेंढकों को खाने की योजना के साथ झील में आया। साँप ने मेंढकों से कहा, "मैं यहाँ एक ब्राह्मण के श्राप के कारण आपकी सेवा करने के लिए हूँ।"
मेंढकों का राजा खुश हो गया और उसने सभी मेंढकों को साँप के बारे में बताया। अपने राजा का पीछा करते हुए, सभी मेंढक सवारी करने के लिए साँप की पीठ पर चढ़ गए।
अगले दिन, साँप ने कहा, "मेरे पास खाने के लिए कुछ नहीं है. मैं इतना कमज़ोर हूँ कि तेज़ी से रेंग नहीं सकता।"
मेंढकों के राजा ने साँप से कहा, "आप अपनी पूँछ के अंत में बैठे छोटे मेंढक को खा सकते हैं" और साँप ने एक मेंढक को खा लिया।
अगले कुछ दिनों में साँप ने सभी मेंढकों को खा लिया, अब केवल मेंढकों का राजा बचा था।
अगले दिन, साँप ने फिर कहा, "मेरे पास खाने के लिए कुछ नहीं है, मैं इतना कमज़ोर हूँ कि तेज़ी से रेंग नहीं सकता।"
मेंढकों के राजा ने फिर कहा, "आप अपनी पूँछ के अंत में बैठे छोटे मेंढक को खा सकते हैं, और इस बार साँप ने उसे ही निगल लिया।
**शिक्षा : किसी भी कार्य को करने से पहले सोचो।**

क) बहुविकल्पीय प्रश्न- साँप झील में क्यों आया था?

i) पानी पीने के लिए ii) सभी मेंढकों को खाने के लिए iii) सोने के लिए

ख) साँप ने मेंढकों से क्या कहा?
ग) मेंढकों के राजा ने सांप की बात सुनकर कैसा महसूस किया?
घ) मेंढकों ने साँप की पीठ पर क्यों सवारी की?
ड) साँप ने खाने के लिए क्या बहाना बनाया?
च) अंत में किसकी मृत्यु हुई?
ज) इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

## खंड ख (व्याकरण) (15 अंक)

**प्रश्न 2 . बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर-**

क) सर्वनाम किसके स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं ? **(5 अंक)**
i) संज्ञा ii ) क्रिया iii) विशेषण

ख) निम्न में से पुरुषवाचक सर्वनाम कौन सा है?
i) तुम ii ) कैसे iii) कोई

ग) 'तुम कौन हो? ' वाक्य में कौन-सा सर्वनाम का भेद है?
i) प्रश्नवाचक सर्वनाम ii ) संबंधवाचक सर्वनाम iii) अनिश्चय्वाचक सर्वनाम

घ) 'तीर' शब्द का सही अनेकार्थक शब्द कौन-सा है?
i) (बाण / किनारा ) ii ) (पत्ता / चिट्ठी ) iii) ( पेड़/पक्षी )

ङ) 'निरात्य ' शब्द का शुद्ध रूप क्या है ?
i) नृत्य ii ) नृत्या iii) त्रत्य

**प्रश्न 3. उचित सर्वनाम शब्द से खली स्थान भरो -** **(4 अंक)**

क) राजा दशरथ ने जैसा कहा , _____ किया। (तैसा/वैसा)
ख) मैं _____ ही चला जाऊँगा। (खुद / कैसे)
ग) ____ मेरा भाई है। (हम /वह)
घ) भिखारी को ____ दे दो। (कोई / कुछ)

**प्रश्न 4. नीचे लिखे शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए-** **(4 अंक)**
क. प्रान - _______
ख. हुँ - _______
ग. पड़ाई - _______
घ. क्रशण - _______

**प्रश्न 5. नीचे दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए-** **(2 अंक)**

क) उसे भारी पियास लगी है। ______________________________
ख) मेरेको नहीं जाना। ______________________________

## खंड ग ( रचनात्मक लेखन) ( 5 अंक)

**प्रश्न 6.बीमार होने के कारण आप साप्ताहिक परीक्षा नहीं दे पाए इसलिए आपको दोबारा परीक्षा ली जाए। इसके लिए प्रधानाचार्या जी को आवेदन पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**अपने जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए चाचा जी को धन्यवाद पत्र लिखिए।**

**खंड घ (साहित्य)** **(12 अंक)**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:-** **(3 अंक)**

क) स्पष्ट- _______ ख) अंतर्धान - _________ ग) घाव - _________

**प्रश्न 8. किसने कहा ? किससे कहा ? बताइए -** **(3 अंक)**

क)"रुको " वह हकबका कर रुक गया।"

ख) "वह सातवाँ घड़ा लोभ का है।"

ग) "क्या तुम्हें वह गुफ़ा मिली।"

**प्रश्न 9. नीचे लिखे सही वाक्य पर ✔ और गलत वाक्य पर ✖ का चिन्ह लगाइए:-** **(3 अंक)**

क) गुरु जी सबकी समस्या का उपाय बताते थे। (_______)

ख) कोयल बोले मीठी वाणी। (_______)

ग) लोभ होना अच्छा और संतोषी होना बुरा है। (_______)

**प्रश्न 10. प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** **( 3 अंक)**

प्रश्न - क) 'इंसानियत ' पाठ में गुरु जी के बारे में बताओ ?

प्रश्न - ख) **"**अच्छा मन , सबसे अच्छा धन **।"** कविता की इन पंक्तियों का अर्थ बताइए।

प्रश्न - ग) 'एक था हरिमन' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

_________________________x_________________________x______________________